गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गत स्थापित विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर 495009 (छ.ग.)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003, 260000
ईमेलः controllerofexamsggv@gmail.com वेबसाईटः www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
(Central University established by the central universities Act 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (C.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003, 260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.com Website: www.ggu.ac.in

## स्वर्ण मंडित पदक एवं पी.एच.डी. उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं के लिए निर्देश :–

1. ग्यारहवां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय पत्र क्र. 934/Academic/2024 बिलासपुर दिनांक 12.12.2024 के द्वारा दिनांक 15.01.2025 दिन बुधवार को स्वर्ण जयंती सभागार गुरू घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होना निर्धारित है।
2. छात्र/छात्राओं को दीक्षांत समारोह में सहभागी होने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त करने तथा दीक्षांत से सभी कार्य के लिए उपाधि प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ता (शोधार्थी) एवं स्वर्ण मंडित पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं के लिए पृथक–पृथक पटल (काउंटर) की व्यवस्था परीक्षा विभाग में की गई है, जो निम्नानुसार है :–

**काउंटर नम्बर 01** :– वर्ष 2024 में उत्तीर्ण तथा स्वर्ण मंडित पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं से संबंधित सभी कार्य किए जाते हैं।

- श्री विश्वम्भर राय, उच्च श्रेणी लिपिक – 8234055900
- श्री प्रणय कार्डेकर, उच्च श्रेणी लिपिक – 9340216276

**काउंटर नम्बर 03** :– वर्ष 2023 में उत्तीर्ण तथा स्वर्ण मंडित पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं से संबंधित सभी कार्य किए जाते हैं।

- श्री लवकुश पटेल, उच्च श्रेणी लिपिक – 9425544067
- श्री अंजनी टेंगवार, प्रयोगशाला सहायक – 6264320441

**काउंटर नम्बर 04** :– वर्ष 2024 के पी.एच.डी. शोधार्थी (जिनका साक्षात्कार दिनांक 01.01.2024 से दिनांक 31.12.2024 तक हुआ है), से संबंधित सभी कार्य किए जाते हैं।

- श्री पवन कुमार यादव, शीघ्रलेखक – 9827483871
- श्री राजू सिंह मरावी, उच्च श्रेणी लिपिक – 9755941291

**काउंटर नम्बर 06** :– वर्ष 2023 के पी.एच.डी. शोधार्थी (जिनका साक्षात्कार दिनांक 01.01.2023 से दिनांक 31.12.2023 तक हुआ है), से संबंधित सभी कार्य किए जाते हैं।

- श्री मुन्ना लाल सूर्यवंशी, उच्च श्रेणी लिपिक – 9399835609
- श्री आनंद मोहाड़िक, निम्न श्रेणी लिपिक (दै.वे.भो.) – 9131097374
- श्रीमती श्रद्धा तिवारी, निम्न श्रेणी लिपिक (दै.वे.भो.) – 9407737404

# कार्य का विवरण

1. विश्वविद्यालय पत्र क्र. 558/परीक्षा/दीक्षांत/2024 बिलासपुर दिनांक 14.12.2024 के द्वारा स्वर्ण मंडित पदक प्राप्तकर्ता के प्रमाणीकरण प्रपत्र जमा करने हेतु पत्र जारी किया गया था। जिन छात्र/छात्राओं ने आज दिनांक तक अपने प्रमाणीकरण प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, वे यथाशीघ्र अपने प्रमाणीकरण प्रपत्र विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं सील करवाकर **वर्ष 2024 में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा काउंटर नम्बर 01 पर एवं वर्ष 2023 के छात्र/छात्रा काउंटर नम्बर 03 पर जमा करेंगे।**

2. विश्वविद्यालय पत्र क्र. 559/परीक्षा/दीक्षांत/2024 बिलासपुर दिनांक 14.12.2024 के द्वारा उपाधि प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ता के प्रमाणीकरण प्रपत्र जमा करने हेतु पत्र जारी किया गया था। जिन शोधार्थियों ने आज दिनांक तक अपने प्रमाणीकरण प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, वे यथाशीघ्र अपने प्रमाणीकरण प्रपत्र पर्यवेक्षक एवं विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं सील करवाकर **वर्ष 2024 में पी.एच.डी. उपाधि हेतु योग्य घोषित शोधार्थी काउंटर नम्बर 04 पर एवं वर्ष 2023 के शोधार्थी काउंटर नम्बर 06 पर जमा करेंगे।**

3. पटका पगड़ी के लिए अमानत राशि रू. 800.00 (आठ सौ रूपये मात्र) का चालान जिन छात्र/छात्राओं ने आवेदन के साथ जमा नहीं किए हैं, वे छात्र/छात्रा काउंटर नम्बर 05 पर अमानत राशि जमा कर जमा की गई राशि की रसीद अपने से संबंधित काउंटर पर जमा करेंगे।

4. छात्र/छात्रा दीक्षांत समारोह स्थल में प्रवेश हेतु अपने एवं अपने एक अभिभावक के अधिकृत पहचान पत्र जो परीक्षा विभाग से जारी किया जायेगा, वह अपने से संबंधित काउंटर से प्राप्त करेंगे।

5. छात्र/छात्रा अमानत राशि रू. 800.00 (आठ सौ रूपये मात्र) का रसीद संबंधित काउंटर पर दिखाकर पटका एवं पगड़ी **दिनांक 09.01.2025 से 13.01.2025 तक प्राप्त करेंगे।**

6. दीक्षांत समारोह पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) के समय संबंधित काउंटर के कर्मचारी के द्वारा संधारित पंजी में पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) में उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएंगे।

7. पूर्वाभ्यास के उपरांत सभी छात्र/छात्रा अपने संबंधित काउंटर पर जाकर आवंटित सीट के लिए पट्टा (Lan Yard) अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। **पट्टा दिनांक 15.01.2025 दीक्षांत समारोह दिवस के दिन निर्गत नहीं किया जाएगा।**

8. दीक्षांत समारोह के दिन दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा दीक्षांत समारोह प्रारंभ होने से 01 घंटे पूर्व (प्रातः 10:00 बजे तक) अनिवार्य रूप से स्थान ग्रहण करेंगे।

9. दीक्षांत समारोह के उपरांत जो छात्र/छात्रा पटका पगड़ी ले जाना चाहते हैं, वे अपने साथ ले जा सकते हैं और उनकी अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। जो अमानत राशि वापस लेना चाहते हैं वे अपने से संबंधित काउंटर पर पटका पगड़ी उसी दिन जमा करेंगे तथा अमानत राशि वापसी का टोकन लेंगे, टोकन दिखाकर अमानत राशि प्राप्त करेंगे। जो छात्र/छात्रा दीक्षांत समारोह के उपरांत पटका पगड़ी उसी दिन वापस नहीं करेंगे, उन्हें विलम्ब शुल्क राशि रू. 100.00 (एक सौ रूपये मात्र) प्रतिदिन देय होगा, जिसे कार्यालय दिवस व समय में पटका पगड़ी वापस की जा सकेगी। तथा विलम्ब शुल्क के बाद शेष अमानत राशि छात्र/छात्रा के बैंक खाते में वापस की जावेगी।

03.01.2025

परीक्षा नियंत्रक